सेंसेक्स 70,700.67 ▲ -359.64
डॉलर 83.124 ▼ -0.018

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 11.0 | 17.0 |
| धनबाद | 24.0 | 11.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 19.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 09.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 29 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 103, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — विपक्षी एकता का ढहता किला ...8



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



कांग्रेस ने देश का विकास किया भाजपा...10 — देश/विदेश







## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,170

चांदी (किलो) 71,880

## एक नजर

### परीक्षा पे चर्चा आज बेसब्री से है इंतजार : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) में छात्रों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित पिछले पीपीसी कार्यक्रमों के विषय और व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मैं परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों पर सामूहिक रूप से रणनीति बनाने के लिए परीक्षा योद्धाओं की सबसे यादगार सभा 'परीक्षा पे चर्चा' का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं।

**आइए उन परीक्षा निराशाओं को अवसरों की खिड़की में बदल दें :** एक अधिकारी ने कहा, 'परीक्षा पे चर्चा' एक वार्षिक परंपरा बन गई है, जिसका परीक्षा योद्धा, माता-पिता और शिक्षक सभी चिंता पर काबू पाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तत्पर हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस साल 'परीक्षा पे चर्चा' 2024 कार्यक्रम सोमवार को भारत मंडपम में टाउन-हॉल फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3,000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। अधिकारी ने कहा, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### नीतीश ने ली नौवीं बार सीएम पद की शपथ

# बिहार में एनडीए की सरकार बनी

■ 2 डिप्टी सीएम और 6 कैबिनेट मंत्रियों ने भी सीएम के साथ ली शपथ ■ विजय चौधरी ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

### संतोष मांझी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ

### एक कुर्मी, एक कुशवाहा, 2 भूमिहार, एक राजपूत, एक यादव, एक चंद्रवंशी, एक मुसहर मंत्री

**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार ने रविवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने बतौर मुख्यमंत्री नौवीं बार शपथ ली है। राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नीतीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के मुख्यमंत्री के शपथ लेते ही एनडीए की सरकार बिहार में एक बार फिर सत्तारूढ़ हो गई। नीतीश के शपथ लेते ही जय श्री राम के नारों से राजभवन गूंज गया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा भी उपस्थित रहे। इससे पहले नीतीश कुमार ने रविवार को राजभवन जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद महागठबंधन की सरकार भंग हो गई थी। इसके बाद नीतीश ने फिर राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए भाजपा और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के समर्थन का पत्र राज्यपाल को सौंपा। जिसके बाद शपथ ग्रहण का उन्हें न्योता मिला। बिहार की नई सरकार में दो डिप्टी सीएम बने हैं। भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली है। इनके अलावा, विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, डॉ. प्रेम कुमार, श्रवण कुमार और संतोष मांझी और सुमित सिंह ने कैबिनेट मिनिस्टर के रूप में शपथ ली है।



### पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को दी बधाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले नीतीश कुमार और राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को बधाई देते हुए कहा है कि उन्हें विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के लोगों की सेवा करेगी। बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण करने पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को भी उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी।



**सम्राट चौधरी :** सम्राट चौधरी भाजपा से बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं। वह दिग्गज नेता सकुनी चौधरी के पुत्र हैं। सम्राट चौधरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं।



**विजय सिन्हा :** विजय लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। वह विधानसभा के स्पीकर भी रह चुके हैं। विजय सिन्हा भूमिहार समुदाय से आते हैं।



**विजय चौधरी बने कैबिनेट मंत्री :** विजय चौधरी सरायरंजन विधानसभा से जदयू के विधायक हैं। वह नीतीश के करीबी माने जाते हैं। विजय चौधरी भूमिहार समुदाय से आते हैं।



**बिजेंद्र प्रसाद यादव बने कैबिनेट मंत्री :** बिजेंद्र प्रसाद यादव सुपौल से जदयू विधायक हैं। वह जदयू के दिग्गज नेता माने जाते हैं। बिजेंद्र प्रसाद यादव समुदाय से आते हैं।



**डॉ. प्रेम कुमार बने कैबिनेट मंत्री :** डॉ. प्रेम कुमार गया टाउन से भाजपा विधायक हैं। वह चंद्रवंशी समाज से आते हैं।



**श्रवण कुमार बने कैबिनेट मंत्री :** श्रवण कुमार नालंदा विधानसभा से जदयू विधायक हैं। वह कुर्मी समाज से आते हैं।



**संतोष मांझी बने कैबिनेट मंत्री :** पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन मांझी मुसहर जाति से आते हैं।



**सुमित सिंह बने कैबिनेट मंत्री :** सुमित कुमार सिंह जमुई से निर्दलीय विधायक हैं। सुमित सिंह राजपूत समुदाय से आते हैं।

### इंडिया गुट के पतन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : त्यागी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जदयू ने रविवार को बिहार में विपक्षी इंडिया गठबंधन के पतन के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि उसके नेता न तो अपनी पार्टी को मजबूत करने में रुचि रखते हैं और न ही विपक्षी समूह में। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता के सी त्यागी ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के भीतर एक कॉकस इंडिया ब्लॉक नेतृत्व पर कब्जा करना चाहते थे और साजिश के तहत समूह के अध्यक्ष के रूप में इसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रस्तावित किया गया था।

**राजीव रंजन ने राहुल गांधी पर कसा तंज :** जदयू के एक अन्य प्रवक्ता राजीव रंजन ने कांग्रेस पर गंभीर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पहले तो वह ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश करके खुद ही डूब गई, जिसमें कोई गुण नहीं है और जो खुद विपक्षी गठबंधन को नुकसान पहुंचाता है। मालूम हो कि यह टिप्पणी संभवतः राहुल गांधी पर कटाक्ष थी। रंजन ने कांग्रेस को भस्मासुर बताया।

**गिरगिट को टक्कर दे सकते हैं नीतीश : जयराम रमेश : नई दिल्ली।** बिहार में मचे सियासी हलचल और नीतीश कुमार के इस्तीफे के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 2024 में बिहार की जनता नीतीश कुमार और दिल्ली में बैठे लोगों को सही जवाब देगी। दरअसल, नीतीश कुमार के इस्तीफे से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। जयराम रमेश ने कहा, बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस विश्वासघात के विशेषज्ञ और उन्हें इशारों पर नचाने वालों को बिहार की जनता माफ नहीं करेगी। बिलकुल साफ है की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री और भाजपा घबराए हुए हैं और उससे ध्यान हटाने के लिए यह राजनीतिक ड्रामा रचा गया है।

## हेमंत को परेशान करना नहीं छोड़ा तो होगी आर्थिक नाकेबंदी

### एक खनिज भी राज्य से बाहर जाने नहीं देंगे

### ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो ने किया राजभवन मार्च



**रांची।** केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है। अगर सीएम को परेशान करना नहीं छोड़ा गया तो झारखंड में गहन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। एक खनिज भी राज्य से बाहर जाने नहीं देंगे। यह सरकार पूरी ईमानदारी से राज्य की जनता के विकास कार्य में जुटी है। मगर एक साजिश के तहत सरकार गठन के बाद से ही इसे अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र जब सरकार का बाल बांका नहीं कर सकी तो अब एक आदिवासी सीएम को साजिश का शिकार बनाने की कोशिश की जा रही है। केंद्र की भाजपा सरकार अगर नहीं सुधरती है तो झारखंड से भाजपा का सुपड़ा साफ कर देंगे। आगामी चुनाव में खाता भी नहीं खुलेगा। उक्त बातें झामुमो के नेताओं ने ईडी के कारवाई के खिलाफ रविवार को आयोजित राजभवन मार्च के दौरान कही। इससे पूर्व यह मार्च मोरहाबादी मैदान से निकाला गया जो रेडियम रोड, कचहरी चौक होते हुए राजभवन के पास पहुंचा जहां पर पहले से तैनात भारी संख्या में पुलिस बलों ने रोक दिया। इसके बाद झामुमो कार्यकर्ताओं ने वहीं पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया। कार्यकर्ताओं को लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इन्होंने कहा कि ईडी ने बार-बार समन भेज कर मुख्यमंत्री को मानसिक रूप से पड़ताड़ित कर रही है। यदि कोई बात थी किसी तरह का प्रश्न था तो 20 जनवरी को क्यों नही पूछा। झारखंडी न तो कभी झुका है न कभी झुकेगा।

## भारत के जीवंत लोकतंत्र को सुप्रीम कोर्ट ने किया मजबूत : पीएम

### सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया

### विस्तार के लिए 800 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की प्राथमिकता न्याय में आसानी और हर नागरिक को इसका हक है। सुप्रीम कोर्ट इस लक्ष्य की प्राप्ति का मुख्य माध्यम है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को लगातार मजबूत किया है। दूसरी ओर आज बन रहे कानून कल के भारत को मजबूत करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस समारोह में प्रधानमंत्री के साथ मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने समारोह में बीआर अंबेडकर की प्रतिमा देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ढांचागत सुविधाओं को विस्तार दिए जाने के सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले सप्ताह ही केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट परिसर के विस्तार के लिए 800 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बस संसद की तरह कोई इसे फिजूलखर्ची बताकर याचिका न दायर कर दे। प्रधानमंत्री ने मजबूत न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का मुख्य आधार बताते हुए कहा कि पुराने औपनिवेशिक काल के कानूनों को निरस्त कर तीन नए आपराधिक कानून लाए गए हैं। इससे हमारी कानूनी नीति और अन्वेषण तंत्र एक नए चरण में प्रवेश कर गया है। उन्होंने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वे क्षमता निर्माण प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए आगे आए।

## इंडिया

## फिर वही सीएम लाया हूं घर वापसी या धोखाधड़ी?



सुनील बादल

**बिहार** में राजनीनिक खेला हो गया और नीतीश कुमार इंडी एलायंस के पीएम उम्मीदवार न बनते बनते एंडी एलायंस में जाकर फिर से सीएम (नौंवी बार) बन गए यह उनका सत्ता के शीर्ष का बीसवाँ वर्ष है। माननीय से पूर्व बन गए मंत्री उप मुख्यमंत्री और उनके समर्थक इसे धोखा बता रहे हैं तो भाजपा इसे फिर से वापसी बता रही है । लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए का जनाधार बिहार में बढ़ने जा रहा है, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड ने आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव और इंडिया गुट को राजनीतिक बाय-बाय कर दिया है। बीजेपी से 18 महीने की दुश्मनी अब फिर से राजनीतिक दोस्ती में बदल गई है। दोनों के साथ आने से बिहार में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हो रहा है जिसके कई मायने भी हैं । सबसे बड़ा सवाल है क्या जातीय जनगणना अब होगी या जयकारों के शोर में सब कुछ ठंढे बस्ते में चला जाएगा? ज्यादा संभावना जातीय जनगणना से जुड़े मामलों को किनारे करने की होगी। यदि ऐसा हुआ तो हिन्दुत्व या राम मंदिर के नाम पर एक हुई बिहार या हिन्दी पट्टी की जनता को फिर से जातीय भेदभाव में बांटकर सत्ता का सपना देख रही पार्टियों का क्या होगा? क्या वे चुप बैठेंगी ? अभी ताजा ताजा भूतपूर्व हुए बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के विवादास्पद बयानों का क्या होगा ? संवैधानिक पद पर बैठकर धार्मिक जातीय विद्वेष फैलाने वाली शक्तियां अब संभवतः और मुखर होंगी जिससे भाजपा के साथ हाल में दोस्त बनी जदयू कितना रोकेगी या जनता को क्या समझाएगी देखना रोचक होगा। चुनाव पूर्व जिधर लाभ उधर हृदय परिवर्तन के इतिहास से लोग परिचित हैं पर बीजेपी-जेडीयू की दोस्ती से लाभ किसे होगा दोनों को या भाजपा को जो मोदी के वैश्विक कद को लेकर आत्मविश्वास से भरपूर है या बिहार में भी जय श्री राम के समर्थकों में रमे भाजपा के कंधे पर सवार होकर जदयू को? किसे कितना फायदा होगा इसके पहले तो सवाल यह है कि नीतीश की साख पर क्या असर पड़ेगा? बीजेपी के साथ विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने के बाद भी जेडीयू कमजोर हुई थी, तो अब फिर से मिलने से क्या जेडीयू के 'आंगन में कमल खिल' जाएगा? जदयू को यदि फिर से कद सीमित होने का खतरा दिखेगा तब? एनडीए 40 लोक सभा सीटों में से 39 के बजाय इस



बार सभी सीटें जीतने का दावा कर रहा है । 2014 में नीतीश ने कहा था मिट्टी में मिल जाएंगे पर भाजपा में शामिल नहीं होंगे पर फिर 2017 में महागठबंधन छोड़ एनडीए में शामिल हो गए थे। कुछ राजनीतिक जानकार मानते हैं कि बीजेपी के साथ जाने से नीतीश को सरकार चलाने के हिसाब से ज्यादा नुकसान नहीं होगा। क्योंकि बिहार में बीजेपी के साथ नीतीश कुमार मिलकर लंबे समय तक सरकार चला चुके हैं, और गठबंधन काफी सहज रहा था क्योंकि दोनों की सोच विकास के नाम पर वोट मांगने की है । एक राजनीतिक विश्लेषक के अनुसार, 'बीजेपी ने ही नीतीश कुमार को 'सुशासन' बाबू का टैग दिया है, दोनों दल आपस में काफी सहज है। दोनों दलों के नेताओं में कई तरह की सहमति है इसलिए दोनों का गठबंधन जमीन पर भी स्वीकार है।' 'नीतीश कुमार और जेडीयू की इमेज महागठबंधन में जाने से खराब हो रही थी, खासकर आरजेडी के साथ, जिसका विरोध कर ही नीतीश और उनकी पार्टी सत्ता में आई थी। अगर आप 2014 का लोकसभा और 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव छोड़ दें, तो जेडीयू हमेशा राजद और कांग्रेस की सत्ता के खिलाफ चुनाव लड़ी है। ऐसे में कार्यकताओं और वोटर्स दोनों में जदयू के बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ने से निराशा थी, और इसका पार्टी को नुकसान भी हुआ है।' 2013 में बीजेपी से गठबंधन तोड़ने के बाद 2015 विधानसभा चुनाव में नीतीश ने जब आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था तब उन्हें भले ही 2010 के मुकाबले सीटों का नुकसान हुआ था लेकिन मोदी लहर के बीच भी सत्ता में वापसी हुई थी। नीतीश कुमार 2013 में एनडीए से पीएम नरेंद्र मोदी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने से रोकने के लिए अलग हुए थे हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में बीजेपी की बहुत बड़ी जीत हुई थी। 2015 में आरजेडी और जेडीयू ने मिलकर चुनाव लड़ा था तब आरजेडी 80, जेडीयू 71 और बीजेपी को सिर्फ 53 सीट हासिल हुई थी। 2017 में वापस आई नीतीश की पार्टी 2020 के चुनाव में बीजेपी के साथ मिलकर लड़ने के बावजूद 71 से घटकर 43 सीटों पर आ गई यानी पार्टी को 28 सीटों का नुकसान हुआ था। जबकि बीजेपी 21 सीटों की बढ़त के साथ 53 से 74 पर पहुंच गई । आकंड़ों और जातीय समीकरण के हिसाब से देखेंगे तो नीतीश आज भी मजबूत हैं जबकि बिहार में इतने सालों में बीजेपी प्रदेश में अपना नेता नहीं बना पाई।

## एक नजर

### बीडीओ ने दो आंगनबाड़ी भवनों का किया शिलान्यास



**पाटन।** प्रखंड के सुदूरवर्ती लोईंगा पंचायत में नन्हे-मुन्ने नौनिहालों के लिए दो आंगनबाड़ी भवनों का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया रंजीत कुमार यादव उर्फ गुडू यादव ने नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। बीडीओ ने कहा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में काफी मदद मिलेगी। मौके पर रोजगार सेवक देवेंद्र उपाध्याय भी मौजूद थे।

### मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन

**छतरपुर।** नगर पंचायत स्थित करमाकला सूर्य मंदिर के पास प्रखंड स्तरीय तेली साहू समाज का मिलन समारोह एवं वन भोज कार्यक्रम सह सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता व संचालन प्रखंड स्तरीय संरक्षक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान जहां छतरपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया वहीं मार्च महीने में छतरपुर बाजार परिसर में होली मिलन समारोह धूमधाम से बनाने पर सहमति जतायी गयी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संरक्षक भारत साहू, अजीत साहू, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, महामंत्री कमलेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राजाराम गुप्ता, सचिव चुनमुन गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, सचिव चंद्र मोहन गुप्ता उर्फ चंदू,सुनील प्रसाद, उपस्थित थे।

### कोचिंग एसोसिएशन की दूसरी वर्षगांठ मनी




**हरिहरगंज।** शहर के कॉलेज रोड स्थित ए टू जेड कोचिंग संस्थान में हरिहरगंज/महाराजगंज कोचिंग एसोसिएशन की दूसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी मनान तथा संचालन अनुज कुमार मेहता उर्फ बबलू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष एमडी मनान, सचिव कुमुद रंजन सिंह तथा कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान संगठन से जुड़े संस्थानों, शिक्षकों व छात्रों के हितों का ध्यान व उचित मार्गदर्शन में संस्थान का संचालन कैसे हो इस पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। इस मौके पर एसोसिएशन के मोहन मिश्रा, गुप्ता सिंह, इंजीनियर वॉटर ,ओमप्रकाश, सरोज चौधरी, सौरभ वर्मा, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, गुलाम कादिर, विक्की सिंह, कादिर आलम, करण कुमार, आदर्श कुमार साहित्य मौजूद थे।

---

### माता देवरानी पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# देशभक्ति तरानों ने किया मंत्रमुग्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर स्थित माता देवरानी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रसाद, जफर हुसैन, हिमांशु तिवारी व अनुज कुमार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक जेपी मेहता ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय संस्थापक स्व. रामप्रसाद महतो के आदर्शों पर चल रहा है। बेहतरीन शिक्षा देने के लिए विद्यालय में उच्चतम गुणवत्ता के शिक्षक है। विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक गांव-शहर के छात्रों को गुणवत्ता युक्त व तकनीकी शिक्षा देना है। जो कि सभी वर्ग के छात्रों को उपलब्ध हो सके। इस दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति तराने पेश किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक हरि यादव, राकेश कुमार, निकेश कुमार, प्राचार्य पूनम कुमारी, वाइस प्रिंसिपल अमरेश मेहता, यासमीन इकबाल, सुबी खातून, तनुजा सिंह, करिश्मा कुमारी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम देते छोटे बच्चे व अन्य।

---

### पाटन-छतरपुर विधायक ने किया 30 जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार/पाटन।** पाटन प्रखंड में रविवार को विधायक पुष्पा देवी ने 30 जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। किशनपुर हाई स्कूल के मैदान में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। पूर्व सांसद ने कहा की भाजपा एक बहुत बड़ा परिवार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के साथ हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने एवं संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, पाटन मंडल उपाध्यक्ष कामता सिंह, पाटन मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, किशनपुर मंडल युवा अध्यक्ष चंदन दुबे, किशनपुर मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम मेहता, बृज बिहारी सिंह, कुश सिंह, गुड्डू सिंह, अजय सिंह, जय साहब, विवेक सिंह, बबन प्रसाद, ओमप्रकाश पांडे, मनीष सिंह, प्रमोद सिंह,राजू माली मौजूद थे।



---

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं की धूम, स्कूलों में निकली झांकी

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, शान से लहराया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** आंचलिक व नगर परिषद क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरे क्षेत्र में तिरंगा शान से लहराया गया। विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने जबकि प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ विक्रम आनंद ने झंडोत्तोलन किया। विश्रामपुर थाने में थाना प्रभारी शशि रंजन,नावाडीह कला ओपी में प्रभारी अजय करकेटा,रेहला थाने में थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने ध्वजारोहण किया। आरसीआईटी कॉलेज में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन किया। जनता उच्च विद्यालय में प्राचार्य भोला राय,रेहला संत तुलसीदास इंटर कॉलेज में प्राचार्य अरुण धर दुबे,रेहला संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में प्राचार्य संतोष मिश्रा,रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में निदेशक एसएम एस्ले,बेलचंपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में संस्थापक उमेश सिंह,रेहला ज्ञानदीप कान्वेंट स्कूल में संस्थापक अवध बिहारी पांडेय,प्रोगेसिव चिल्ड्रेंड एकेडमी में निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह,संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में वरीय समाजसेवी विजय पांडेय,विश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में निदेशक राहुल जैकब,रेड रोज पब्लिक स्कूल में थाना प्रभारी शशि रंजन,आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल में निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने ध्वजारोहन किया। जबकि कांग्रेस कार्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू,विश्रामपुर भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष बबन राम,बीमोड़ भाजपा कार्यालय पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,राजद नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी,राजद प्रखंड कार्यालय पर अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, आरएसएस कार्यालय पर सह जिला कार्यवाह अमितेश्वर दयाल ने तिरंगे को सलामी दी। इसके अलावे सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में इकाई प्रमुखों ने झंडोत्तोलन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम रही। आरसीयू विश्वविद्यालय, मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल, विवेकानंद पब्लिक स्कूल व रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं रेड रोज पब्लिक स्कूल और विवेकानंद पब्लिक स्कूल द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई।





---

## लाभुकों का जियो टैग ग्रामसभा के अनुसार कराने की मांग

### प्रखंड मुखिया संघ ने बीडीओ को भेजा पत्र, जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** ऊंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया ने बीडीओ को पत्र लिखकर अबुआ आवास योजना का जियो टैग ग्राम सभा के अनुसार चयनित सूची से कराने की मांग की है। प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, राम वचन राम, करकटा मुखिया कमला देवी, जोगा मुखिया कमला देवी, मुरमा कला मुखिया मीना देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह आदि ने बीडीओ को दिये आवेदन में कहा है कि ऊंटारी रोड प्रखंड के सभी पंचायत में निर्धारित तिथि को ग्रामसभा हुई और ग्रामसभा में कमजोर, दिव्यांग, विधवा आदि की सूची बनाते हुए प्रेषित की गयी है। इसके बाद 28 जनवरी को पंचायत सचिव व रोजगार सेवक जियो टैग की जो सूची लेकर आये। वह ग्रामसभा की सूची के विपरीत है। ऐसे में ग्राम सभा कराने का कोई औचित्य नहीं गया है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में मुखिया अशोक सिंह ने बताया कि पूछे जाने पर आवास कोर्डिनेटर ने बताया कि ऊपर का निर्देश है। इसका ग्रामसभा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सूची कोटिवार बनाने की मांग करते हुए जियो टैग कराने की मांग की है। मौके पर समाजसेवी कृष्णा पाल, पारस कुमार,असगर अली शामिल थे।

### स्कूली बच्चों ने अतिथियों के स्वागत के बाद कई नृत्य गान की प्रस्तुति की

**हैदरनगर।** समाज व गरीबों की सेवा कार्य में अनवरत जुटे सेवानिवृत प्रधानाध्यापक स्व. रामप्रसाद महतो की स्मृति में मरघटिया रोड में शनिवार को स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। इसमें सरस्वती वंदना व अतिथियों के स्वागत के बाद कई नृत्य गान की प्रस्तुति की। आवाज पर मेलॉडी साउंड के संस्थान ललन राम व गायक विरेन्द्र भारती ने कई गीतों के रिकॉर्डिंग पर बच्चों को मंच पर खूब झूमाने व उनके हौसला बढ़ाने का कार्य किया। स्कूल के निदेशक जयप्रकाश कुशवाहा ने बताया कि प्रधानाध्यापक स्व. रामप्रसाद महतो ने सेवानिवृति के बाद निरंतर शिक्षण कार्य से जुड़े रहे। स्कूल के संस्थापक के रुप में भूमिका के साथ शिक्षा के गुणवत्ता को निजी प्राचार्य अमरेश मेहता, शिक्षक हरि यादव, राकेश कुमार, निकेश कुमार, यासमीन एकबाल, सूबी खातून, तनुजा सिंह, करिश्मा कुमारी के साथ मिलकर आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

---

## पूर्व राज्यसभा सांसद का किया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जदयू के पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलीयावी का रविवार को हरिहरगंज में भव्य स्वागत किया गया। अररुआ खुर्द स्थित समाजसेवी इरफान शाहिद के आवास पर जाने के क्रम में समाजसेवी इरफान शाहिद के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौलाना गुलाम ने लोगों को अमन-चैन से रहने का संदेश दिया। बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला के नबीनगर शहर में मॉब लिंचिंग में मारे गये तथा घायल युवकों की चर्चा करते हुये उन्होंने परिजन काफी गरीब घर के हैं। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुये उन्होंने घटना में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की प्रशासन से मांग की। मौके पर महताब शाहिल, एमडी खुर्शीद आलम, जियाउल रसूल, मो. निजाम, मोजीबुल्लाह अंसारी, मो. जफर, रेहान अहमद, मो. वकील, आलम आदि मौजूद थे।

---

### अनुमंडलीय अस्पताल में चाइल्ड आईसीयू व एनबीएसयू का विधायक ने किया उद्घाटन

# अब नवजातों को उपचार के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बाल चिकित्सा गहन देख-भाल इकाई, आईसीयू व नवजात बच्चों के लिए एनबीसीयू की सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा जिले के सदर अस्पताल के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू की गई है। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले ही अनुमंडलीय अस्पताल में कई अत्याधुनिक सेवायें शुरू कराने का काम किया है। अस्पताल में सभी तरह की जांच,प्रसव की बेहतर व्यवस्था, ऑक्सीजन प्लांट, हड्डी, दंत, आंख आदि के समुचित उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नवजात व बच्चों के गंभीर रूप से बीमार होने पर लोगों को रांची में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था।

अब उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के आईसीयू में बच्चों की गंभीर बीमारी, दुर्घटना आदि की स्थिति में उन्हें बेहतर उपचार मिल सकेगा। वहीं नवजात स्थिरीकरण इकाई (एनबीएसयू) में तुरंत जन्मे बच्चे जिनका वजन कम होता है, या समय पूर्व जन्म होता है, उन्हें बचाने में काफी मदद मिलेगी। एसडीएम सह प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार ने भी कुपोषित बच्चों व चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा, बीपीएम विभूति गुप्ता ,डॉ. मुकेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, रौनक सिंह, प्रिंस शर्मा, अंजली शर्मा मौजूद रहे।

---

## आसमान में छाये बादलों ने बढ़ाई धुकधुकी

### ठंड में इजाफा होने के आसार, किसान परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मौसम का अप्रत्याशित मिजाज आम नागरिकों के साथ किसानों के लिये भी भारी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। रविवार दिन में खिली धूप को देख पिछले एक माह से कड़ाके की ठंड व शीतलहर से दो-चार हो रहे लोग अभी चैन भी नहीं ले पाये थे कि शाम होते-होते फिर से आसमान में बादलों की उमड़-घुमड़ शुरू हो गयी। इससे आम नागरिकों के साथ किसानों के माथे पर बल पड़ गये हैं। लोग जहां ठंड में और वृद्धि की संभावना से सिहर रहे हैं। वहीं सरसों, चना, मसूर आदि की फसलों को संभावित नुकसान की आशंका ने किसानों की भी चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि प्रतिकूल मौसम के कारण वैसे ही रबी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। यदि अब मौसम की मार पड़ी तो शेष फसल भी नष्ट हो जायेगी। बहरहाल जिले में ठंड का प्रकोप निरंतर जारी है।

---

## चंदरपुर मन्दिर समिति के अध्यक्ष बने पूर्व मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखण्ड के ढूब पंचायत अंतर्गत ग्राम चंदरपुर में स्थित मारुतिनंदन मन्दिर परिसर में रविवार को बैठक की गयी। बैठक में ग्राम चंदरपुर,भुइयां कुरहा, कहुईयाखाड़,दरजाही के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस दौरान पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ढूब पंचायत के पूर्व मुखिया कामख्या नारायण सिंह को सर्व सम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष संजय सिंह और सचिव अनिल सिंह को बनाया गया। बैठक में विशेष रुप से मन्दिर के विकास हेतु चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता यदुनंदन प्रजापति ने की। मौके पर महेंद्र सिंह, अनूप पासवान, मनोज सिंह, उपाध्याय सिंह, विशेष सिंह, कमलेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, नागेन्द्र सिंह, गूंजा सिंह, कार्तिक सिंह, दिनेश मांझी, पाते पासवान, अनिरुद्ध प्रजापति आदि उपस्थित थे।

---

**सांत्वना**

### तेतरिया मोड़ घटना में मृत युवकों के परिजनों से मिला कांग्रेस का शिष्टमंडल

# मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख मुआवजा देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बिहार के तेतरिया मोड़ पर मॉब लीचिंग में मारे गए हैदरनगर के तीन युवकों अरमान अहमद, मुजाहिद राइन व अंजार मंसुरी उर्फ चमन अंसारी के परिजनों से कांग्रेस का शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में रविवार को मुलाकात की। शिष्टमंडल में शामिल नेताओं ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्हें इंसाफ दिलाने की बात कही। साथ ही पीड़ित परिवारों के बयान से केंदीय व राज्य के नेताओं को अवगत कराने का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि तेतरिया मोड़ की घटना की पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी इन परिवारों को हर संभव मदद के साथ उन्हें इंसाफ दिलाने का काम करेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के साथ घटना में मारे गए युवाओं के आश्रितों को बिहार सरकार से 25 -25 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मारे गए तीनों युवा व्यवसाय कर अपना परिवार चलाते थे। उनकी मौत के बाद तीनों परिवार बेसहारा हो गए हैं। शिष्टमंडल में शामिल पार्टी के प्रदेश महासचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि तेतरिया मोड़ की घटना में हैदरनगर के तीन युवकों की हत्या और दो युवकों के घायल होने को पार्टी गंभीरता से ले रही है। कांग्रेस का शिष्टमंडल इस मामले में जल्द ही बिहार के प्रदेश अध्यक्ष से मिलेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, महासचिव शैलेश सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, महताब आलम, नदीम खान, जगदीश राम, विजय सिंह, अर्जुन सिंह मौजूद थे।



मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते नेता

---

### क्षेत्र में आधा दर्जनों सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति

# विवाह मंडप का जल्द होगा निर्माण : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर वे संकल्पबद्ध हैं। वे शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड के ढाब स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में जय भवानी संघ द्वारा आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ढाब से खड़गपुर होते हुए कटकोमा तक, एनएच-98 से खाप कटैया से वनस्पति तक, कटैया से पथरा होते हुए एकौनी तक, भीतिहा मोड़ से रेगनिया तक के सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल गयी है।

जल्द ही इन सड़कों का निर्माण शुरू किया जायेगा। जय भवानी संघ तथा ग्रामीणों के मांग पर उन्होंने ढाब दुर्गा मंदिर परिसर में विधायक निधि से जल्द विवाह मंडप के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चौमुखी विकास करना उनकी प्राथमिकता है।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पप्पू सिंह, गुड्डू सिंह, पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान, प्रमुख पति अनिल पासवान, अखिलेश गुप्ता, गोपाल प्रसाद, पूर्व मुखिया सुनील भुइयां, मौजूद थे।



## एक नजर

### जारी रहेगा बेरोजगारों का आंदोलन

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक कचहरी परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिले में बेरोजगारों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जिले में 500 से अधिक पद रिक्त हैं। जबकि सफल अभ्यर्थियों की अनदेखी की जा रही है। इस दौरान तय किया गया कि जब तक सफल अभ्यर्थियों की चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति नहीं हो जाती है तब तक बेरोजगारों की आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर अरुण कुमार, राजेश रंजन, रूपेश कुमार ,अजय कुमार, सिकंदर यादव, जुबेर अंसारी, महेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार तिवारी, सतीश कुमार चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### आशा कुमारी बनी अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** कुशवाहा भवन में ऑल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी इम्पलाईज ऑर्गेनाइजेशन काउंसिल की बैठक की गई। बैठक में रांची से आयी टीम के सदस्यों ने महिला विंग को उनके खिलाफ हो रहे शोषण,अत्याचार की जानकारी देते हुये उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान जिले में महिलाओं की आवाज उठाने के लिये संगठन का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष आशा देवी को बनाया गया। पूजा देवी, सुषमा देवी व अनिता देवी को उपाध्यक्ष, ममता देवी, अनिता देवी व मीना देवी को सचिव, एवं सुषमा बौद्ध को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

#### केंद्रीय कारा में जेल अदालत व जागरूकता शिविर का आयोजन

## बंदियों को दी गयी विधिक अधिकारों की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में केंद्रीय कारागार परिसर में जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को विधिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंदा सिंह ने कहा कि साधारण मामलों में बंद वैसे बंदी जो अपना दोष स्वीकार कर मुख्य धारा में आना चाहते हैं। उन्हें समुचित विचार कर मुक्त भी किया जा सकता है। उन्होंने बंदियों को नालसा, झालसा व डालसा के



कार्यक्रम को संबोधित करते न्यायिक अधिकारी

माध्यम से मिलने वाले विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की। एसीजेएम संदीप निशित बारा ने कहा कि विधिक सेवा प्राप्त करना बंदियों का कानूनी अधिकार है। एलएडीसी के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह ने बंदियों को उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष पांडेय ने किया। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चंदन कुमार गोस्वामी, एनएडीसी के सहायक उत्तम कुमार, वीर विक्रम बख्श राय, पुष्कर राज, नीतू सिंह आदि मौजूद रहीं।

#### जिलाध्यक्ष ने कहा सोये शेर को जगा रही भाजपा, चुकानी पड़ेगी कीमत

## मशाल जूलूस निकाल झामुमो कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विपक्षी पार्टी भाजपा पर केंद्रीय एजेंसी ईडी के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुये झामुमो कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर जबरदस्त हुंकार भरी। जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के शेर हैं। अपनी कारगुजारी से भाजपा सोये शेर को जगाने का काम कर रही है। उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। किस तरह


मशाल जुलूस निकालते जेएमएम कार्यकर्ता

जनता द्वारा चुनी गयी सरकार को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। इसे सब देख रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा की बोहनी भी नहीं होगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, मुन्ना सिंह, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, असफर रब्बानी, रंजन चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, दीपू चौरसिया, ललन चौधरी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की जिलों में स्वीप गतिविधियों की समीक्षा, दिये

# जिलों को स्वीप एक्शन प्लान करने के निर्देश

### पलामू समाहरणालय में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियों के बीच शनिवार को झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार पलामू पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किये जाने की प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने पलामू समाहरणालय में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का निरीक्षण भी किया। सीईओ श्री कुमार ने शनिवार की देर शाम पलामू के एनआईसी के सभागार से राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर


बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी



स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से संबंधित आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को स्वीप एक्शन प्लान बनाने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कैंप एंबेसडर के साथ बैठक कर स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाने एवं

**मतदान केंद्र एवं मॉडल मतदान केंद्र बनाने के लिए प्लान तैयार करने का निर्देश दिया**

स्वीप सेल कोर कमेटियों के साथ बैठक कर स्वीप कार्यक्रमों में गति लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा मतदान केंद्र एवं मॉडल मतदान केंद्र बनाने के लिए प्लान तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने झारखंड के प्रवासी श्रमिक जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उन्हें भी मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित मजदूरों की सूची लेते हुए प्रवासी श्रमिकों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने को प्रेरित करने का सुझाव दिया। बैठक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता-सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरजीत सिंह, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सामान्य शाखा पदाधिकारी-सह-स्थापना समाहर्ता रश्मि रंजन उपस्थित थे।

#### अनियंत्रित कार के खेत में लुढ़कने से हादसा

## पति की मौत, पत्नी की हालत नाजुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियाही मोड़ पर एक कार के अनियंत्रित होकर खेत में उतर जाने के कारण उस पर सवार एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला को एमआरएम सीएच में भर्ती कराया गया है। उन्हें रांची रिम्स रेफर करने की तैयारी चल रही थी। इस घटना में कार चालक बाल-बाल बच गया। मृतक की पहचान गढ़वा जिले के नवगढा मोहल्ला निवासी विजय राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शनिवार को विजय पत्नी के साथ मेदिनीनगर के बारालोट गुरियाही में दामाद आशीष कुमार के घर आए हुए थे। रात में नाती की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए। रविवार की सुबह करीब 9 नाश्ता करने के बाद विजय पत्नी सावित्री देवी के साथ कार से गढ़वा अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में जोगियाही मोड के पास अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे स्थित खेल में लुढ़क गयी। कार अक्षय पाल चला रहा था। सूचना पर पहुंची चैनपुर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर थाना ले आयी है।



#### भारी गहमागहमी के बीच रेडक्रॉस पलामू का चुनाव संपन्न

## सचिव पद पर डॉ. सत्यजीत गुप्ता विजयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेडक्रास पलामू का चुनाव रविवार को भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। इसमें प्रतिष्ठापरक सचिव पद पर कांटे की टक्कर में 223 मत प्राप्त कर डा. सत्यजीत गुप्ता ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर रहीं डॉ. स्नेहलता त्रिपाठी ने 211 मत प्राप्त किया। उपाध्यक्ष पद पर 269 मत प्राप्त कर आलोक पाठक विजयी रहे। उन्होंने कुंदन कुमार वर्मा-162 को परास्त किया। कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर सिंह जीते। उन्होंने 233 मत प्राप्त कर निकटवर्ती अमिताभ मिश्र -198 को हराया। कार्यकारिणी सदस्य पद पर कमल कुमार जैन, आलोक माथुर, कृष्णा अग्रवाल, आलोक वर्मा, अखिलेश तिवारी व उदय शंकर दुबे ने जीत हासिल की। जबकि मुख्य परियोजना निदेशक पद पर गिरधारी गर्ग ने 274 मत प्राप्त कर विजयश्री हासिल की। उन्होंने अरविंद प्रसाद गुप्ता -157 को परास्त किया।

## लोक अदालत में 65 मामलों का निस्तारण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित इस वर्ष के प्रथम लोक अदालत में जहां 65 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं 10 लाख 45 हजार 853 रूपये के मामले सेटल हुये। व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत की नौ पीठों में सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि वादकारियों की मदद के लिये हेल्प डेस्क भी गठित किया गया था। जिसमें अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम ने सक्रिय भूमिका निभाई। सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि केस लड़ने की जगह लोग सुलह-समझौता की राह अपनायें। इससे समय व धन दोनों की बचत होगी।

## होटलों में जांच कर संचालकों को दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश व शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देशन में टीओपी वन प्रभारी अशोक कुमार दुबे के नेतृत्व में शनिवार की रात पुलिस ने शहर के दर्जनों होटलों की जांच की। जांच के क्रम में होटलों में बीते एक माह के दौरान ठहरने वाले लोगों की रजिस्टर में इंट्री देखी गई। उन्हें ठहराने के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया गया है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गई। कमरा बुक कराने के लिए पहचान आईडी ली गई थी या नहीं यह भी जांचा गया। होटलों में सीसीटीवी व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। रजिस्टर मेंटेन नहीं होने को लेकर कई होटल संचालकों को पुलिस कर्मियों ने सख्त चेतावनी भी दी और कहा कि अगली बार से रजिस्टर मेंटेन नहीं पाया गया तो होटल संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिसकर्मियों द्वारा होटल में ठहरे लोगों की बैग और पहचान पत्र की भी जांच की गई। मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, शारीक इरशाद, रोहित कुमार, रामजी कुमार उपस्थित थे।



## एमकेडीएवी में शान से फहराया गया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला वन संरक्षण पदाधिकारी सह पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेश कांत जेना ने ध्वजारोहण किया। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा, सदस्य डॉ. जय कुमार, नायक सूबेदार केएन सिंह, गुरवीर सिंह, सूबेदार मेजर मन्ना उरांव व डीएवी. इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के बैंड के सदस्य छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। देशभक्ति पर आधारित झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें गणतंत्र को अपने आचरण में लाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर गढ़वा सदर हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. एसके मिश्रा , बृजेश शुक्ला, बलराम उरांव, सूबेदार शिबू सोरेन, हवलदार बिरसा उरांव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीनाक्षी करण, जितेंद्र तिवारी, प्रतिमा वर्मा व सुदेशना राय ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार ने किया।

### भाकपा जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला कमेटी की बैठक मनाजरूल हक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने आरोप लगाया कि देश के प्रधानमंत्री मोदी मंदिर-मस्जिद के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। देश में बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी उनको नजर नहीं आ रही है । जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि जिले में प्रखंड से लेकर मुख्यालय तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं। बैठक में उमेश सिंह चेरो, प्रभु प्रसाद साहू, पूर्णचंद्र साव, राम जन्म भुइयां, सोनू अहमद,गनौरी भुइयां,फेकन उरांव,जीतन उरांव, विरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, नसीम नारायण, मृत्युंजय तिवारी उपस्थित थे।

#### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने जताया विरोध

## प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप का किया दहन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा रविवार को कचहरी परिसर में झारखंड प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप को दहन किया गया। प्रोन्नति नियमावली को भेदभाव पूर्ण करार देते हुये वक्ताओं ने इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। संघ के महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि सरकार इस नियमावली में संशोधन या इसे समाप्त कर ऐसी नियमावली बनानी चाहिये। जो सभी शिक्षकों के लिए एक समान हो। वक्ताओं ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो लाचार होकर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होगा।



मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता, सचिव ईश्वरी यादव, कोषाध्यक्ष राम उपेंद्र पांडे, दीपक कुमार, संजय कुमार, प्रमंडलीय संयोजक पवन कुमार गुप्ता, महिला शिक्षिका पूजा सिन्हा, संजय कुमार साव, धीरेन्द्र कुमार रजक, बीरबल सिंह, नसीमुद्दीन अंसारी, अजय कुमार उर्फ मंत्री जी आदि मौजूद रहे।

### श्रम विभाग के एलइडी वैन को डीसी ने किया रवाना

**मेदिनीनगर।** श्रम विभाग की प्रवासी कामगार और झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के प्रति जागरूकता को लेकर श्रम विभाग द्वारा जिले में एलइडी वैन से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से शनिवार को वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जिले के गांव-गांव जाकर दूसरे राज्यों में काम करने जानेवाले प्रवासी श्रमिकों के निबंधन और उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करेगी। मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन,श्रम अधीक्षक एतवारी महतो,नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार उपस्थित थे।

### जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मेदिनीनगर।** जिले के रामगढ़ इलाके के रहने वाले जालसाज फैयाज अंसारी को चैनपुर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी के पास से कई ब्लैंक चेक और स्टांप बरामद किए गए हैं। फैयाज अंसारी के खिलाफ चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा के रहने वाले अख्तर अंसारी ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। अख्तर ने आरोप लगाया था कि फैयाज के साथ मिलकर कारोबार करते थे। फैयाज ने उनका ब्लैंक चेक अपने पास रख लिया और ढाई लाख रुपये उसमें भरकर बैंक में जमा किया, जो बाउंस कर गया। न्यायालय के निर्देश पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया और अनुसंधान किया गया। पुलिस ने फैयाज अंसारी के घर में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार किया। तलाशी में 8 से 10 ब्लैंक चेक बरामद किया गया। कई स्टांप भी बरामद किए गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### महिला ने मजदूर पर टांगी से किया प्रहार

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी पप्पू सिंह को एक महिला ने टांगी से सिर पर प्रहार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल पप्पू सिंह ने बताया की वह कुछ वर्षो से मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा स्थित गुड्डू तिवारी के मकान में किराये पर रहकर मजदूरी करते हैं। रविवार की शाम चार बजे वह अपने कमरे के बाद धूप में लेटे थे। इसी बीच सुनीता देवी उनके पास पहुंच कर बहस करने लगी। इस दौरान अचानक सुनीता ने उनके सिर पर टांगी से प्रहार कर दिया। स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।

## कार्यक्रम

### नावा बाजार प्रखंड में आन-बान-शान से फहराया गया तिरंगा

# उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों को दिया गया सम्मान


कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय सहित समस्त सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान,कोचिंग सेंटर, हॉस्पिटल, बैंक सहित अन्य जगहों पर 75वें गणतंत्र दिवस पर आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया। दीनदयाल उपाध्याय निष्ठा मेगा स्किल आईटीआई कॉलेज नावा बाजार के छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रखंड कार्यालय में प्रमुख विद्या देवी,थाना परिसर में थाना प्रभारी दीपक कुमार दास, उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ. अखिलेश कुमार, दीनदयाल उपाध्याय मेगा स्किल सेंटर में प्रबंधक अनिल कुमार यादव, इटको पंचायत सचिवालय में मुखिया जोहरा बीबी,गांधी आश्रम कंडा में अध्यक्ष योगेश्वर साहू, हिंदू मुस्लिम एकता समिति बाजार प्रांगण में सचिव मोहम्मद यासीन खान,चैगोना धाम उच्च विद्यालय में प्राचार्य विनोद रजक, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव,कंडा पंचायत सचिवालय में मुखिया नरेंद्र सिंह, तुकबेरा पंचायत सचिवालय में मुखिया विनोद विश्वकर्मा, रबदा पंचायत सचिवालय में मुखिया सुमन कुमारी, राजहरा पंचायत सचिवालय में मुखिया चंदन कुमार, बसना पंचायत सचिवालय में मुखिया सुगंधा देवी, कुम्भी कला पंचायत सचिवालय में मुखिया सब्या सिंह, सोहदागखुर्द पंचायत सचिवालय में मुखिया कमला देवी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्राचार्य सतीश कुमार महतो, पशु चिकित्सा रोजबेली पब्लिक आवसीय विद्यालय में डायरेक्टर सुरेंद्र पांडे, एनपीएस पब्लिक स्कूल में सद्दाम हुसैन ने झंडारोहण किया गया। मौके पर नावा बाजार बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों को सम्मानित किया। मौके पर बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सरजू प्रसाद, कनीय अभियंता राजू पासवान, शैलेश कुमार, एई विकास कुमार, पंचायत सचिव प्रभु राम, नीरज कुमार मौजूद रहे।

**दीनदयाल उपाध्याय निष्ठा मेगा स्किल आईटीआई कॉलेज नावा बाजार के छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई**

### चैनपुर प्रखंड में शान से लहराया तिरंगा

**संविधान हमें हमारे अधिकारों के प्रति जागरूक व प्रेरित करता है : बीडीओ**



**चैनपुर।** प्रखंड में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, राजनीतिक संगठनों एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गयी। प्रखंड कार्यालय प्रांगण में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, चैनपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे,प्रखंड शिक्षा कार्यालय में बीपीओ अनू सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉक्टर चमन कुमार ने तिरंगा फहराया। वन विभाग,पशुपालन विभाग, डॉ. जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज, प्लस टू हाई स्कूल, चैनपुर वरिष्ठ नागरिक समिति ,सहकारिता विभाग एवं एनवाईके के कार्यालय में भी झंडोतोलन किया गया। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि पूरे प्रखंड में राष्ट्रीय पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। देश का महत्वपूर्ण पर्व गणतंत्र दिवस है। बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा संविधान दिवस है। संविधान हमें हमारे अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। हम अपने अधिकार के लिए चुप नही बैठे। लोग अपने अधिकार लिए हमेशा तत्पर रहें। सीओ संजय बाखला ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन भारत का संविधान लागू किया गया।उन्होंने कहा कि राष्ट्र पर्व के पावन अवसर पर पूरे प्रखंड का माहौल देशभक्ति ओतप्रोत है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर फहराया गया तिरंगा झंडा

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड सह अंचल परिसर में प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ जागो महतो ने सीओ जसवंत नायक की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। थाना परिसर में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी चिरंजीवी मंडल ने झंडा फहराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र राम, एसडी मेमोरियल एकेडमी स्कूल में निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्रा, मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय में मुखिया रामसागर महतो, ब्लॉक कॉलोनी विद्यालय में प्रधानाध्यापक गंगेश पांडे, पशुचिकित्सा केंद्र में डॉक्टर केके सिंह, एसजीएन मॉडर्न किन्नर गार्डन स्कूल में निदेशक धर्मेंद्र देव, द इंडियन पब्लिक स्कूल में निदेशक विनोद कुमार, पाराडाइज पब्लिक स्कूल में निदेशक इंजीनियर इमाम अंसारी, एसबी एकेडमी स्कूल में निदेशक मदन यादव, बीएड कॉलेज लातदाग में प्राचार्य रणविजय सिंह, डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा, हासनदाग पंचायत भवन में मुखिया फूलमंती देवी, करकोमा पंचायत भवन पर मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने झंडा फहराया।

### मझिआंव एवं बरडीहा में मना गणतंत्र दिवस

**मझिआंव।** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन किया गया। मझिआंव प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख आरती दुबे, थाना परिसर में थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, रेफर अस्पताल में प्रभारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ, पशु अस्पताल में डॉ. दिनेश कुमार यादव, नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कार्य पालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, शिवेसर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज परिसर में आरसीयू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, आर के पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय, एलके पब्लिक स्कूल परिसर में निदेशक ललन शाह, अक्षर द पब्लिक स्कूल परिसर में निदेशक रंजीत साह, भाजपा कार्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की चंद्री शाखा परिसर में शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार पांडेय, ग्रामीण बैंक परिसर में शाखा प्रबंधक उमाशंकर चौधरी, एसबीआई बरडीहा शाखा परिसर में शाखा प्रबंधक शशांक कुमार, मुखदेव+2उवि परिसर में प्राचार्य समिता कुमारी, प्रखंड कार्यालय के समीप अंबेडकर चौक पर पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अधिकार मंच के संयोजक सह पूर्व प्रत्याशी अशर्फी चंद्रवंशी, पंचायत सचिवालय पुरहे में मुखिया शंभु पासवान, टढ़हे में मुखिया इंदु सिंह, सोनपुरवा में मुखिया अख्तर खान, बोदरा में मुखिया पुनम सिंह, करमडीह में मुखिया मुसर्रत जहां, रामपुर में मुखिया कुमारी छाया, मोरबे में मुखिया निर्मला देवी, खरसोता में मुखिया रीता देवी, तलशबरिया में मुखिया महताब आलम, गर्ल हाई स्कूल में हेड मास्टर महताब आलम, द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इसी तरह बरडीहा प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख सुनिता देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी पवन कुमार, +2उवि बरडीहा परिसर में प्राचार्य संध्या, पंचायत सचिवालय सुखनदी में मुखिया ऋषा देवी ने तिरंगा लहराया।

### सरकारी के साथ निजी तराजू से किया जा रहा खाद्यान्न का वितरण

# एमओ के निर्देश का अनुपालन नहीं कर रहा पीडीएस डीलर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में प्रभारी एमओ चोनाराम हेंब्रम के निर्देश का अनुपालन नहीं हो रहा है। गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा उनके निर्देशों को सीधे तौर पर ठेंगा दिखा बेरोकटेक के पूर्व की तरह लाभुकों के बीच दो-दो तराजू के माध्यम खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। वहीं लाभुक सिर्फ सरकारी तराजू के माध्यम खाद्यान्न की मांग कर रहे हैं, लेकिन दुकानदारों के आगे उनकी एक नहीं चल पा रही है। नतीजतन दोनों तराजू के माध्यम खाद्यान्न प्राप्त करना उनकी मजबूरी हो जा रहा है। वहीं जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बन बैठे हैं। लाभुक रेखा देवी, देनी भुइयां, झाउ ल साह, केसरी देवी, शंकरवा देवी, अकलू साहू, गुलाबचंद साह, राजेंद्र साह, सुधा देवी इत्यादि लोगों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से एक नहीं बल्कि दो-दो तराजू से खाद्यान्न दिया जा रहा



है। हमारे पुरजोर विरोध का असर न तो दुकानदारों पर पड़ रहा है और न ही विभाग के पदाधिकारियों पर। लेकिन जब से सिर्फ सरकारी तराजू पर खाद्यान्न तौलकर मिलने की हम लोगों को जानकारी मिली तब से हम सभी खुश थे। इस संबंध में एमओ के निर्देश के बाद पहली बार जब हम सभी अपने-अपने दुकानदार के पास खाद्यान्न लेने गए तो वहां पूर्व की तरह ही दो-दो तराजू से खाद्यान्न दिया जाने लगा। इसका विरोध कर सिर्फ एक तराजू से खाद्यान्न देने की मांग की लेकिन तनिक भी असर दुकानदार पर नहीं पड़ा। दुकानदारों ने धमकी भी दी कि मेरे अनुसार खाद्यान्न लेना है तो लें नहीं तो वापस घर चले जाएं। मजबूरी में पूर्व की तरह ही दो-दो तराजू के माध्यम से हम सभी को खाद्यान्न लेना पड़ा। इस दौरान प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती की गई। इसकी शिकायत हमलोगों ने जन प्रतिनिधियों के पास भी की लेकिन उनके द्वारा भी इस पर कुछ नहीं किया गया। लाभुकों ने कहा कि अगर एमओ के निर्देश के बाद भी हम लोगों को सिर्फ सरकारी तराजू के माध्यम से खाद्यान्न नहीं मिला तो इसकी शिकायत करने हम लोग सीधे उपायुक्त कार्यालय जाएंगे। मामले में एमओ चुनाराम हेंब्रम से पक्ष लेने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव कर बाद में बात करने की बात कह कर फोन काट दिया गया। समाचार लिखे जाने तक उनके द्वारा पुनः कॉल नहीं किया गया।

### उपायुक्त ने 9 पंचायत सचिवों का किया स्थानांतरण

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुवार ने विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित पंचायत सचिवों के पदस्थापना की अवधि तीन वर्ष पुर्ण होने के उपरांत और प्रशासनिक दृष्टिकोण से 9 पंचायत सचिवों का स्थानांतरण किया है। इसमें मझिआंव में पदस्थापित शिव शंकर ठाकुर को धुरकी, नगर ऊंटरी में पदस्थापित वीरेंद्र कुमार सिंह को डंडा, धुरकी में पदस्थापित छवि सिंह को मझिआंव , चिनिया में पदस्थापित नवल किशोर यादव को केतार , केतार में पदस्थापित अशोक कुमार को चिनिया, रंका में पदस्थापित महावीर महतो को मझिआंव, मझिआंव में पदस्थापित मुतुर्जा अली अंसारी को रंका, खरौंधी में पदस्थापित कामेश्वर सिंह को रंका, रंका में पदस्थापित संजय कुमार को खरौंधी प्रखंड कार्यालय में पद स्थापित किया गया है।

# भाजपा के गांव चलो कार्यक्रम को लेकर मंडल प्रभारियों की सूची जारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने आगामी गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर मंडल प्रभारियों की सूची जारी की, जिसमें गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को रमकंडा, का प्रभारी बनाया गया है साथ ही रीतेश चौबे को डंडा, मुकेश निरंजन सिन्हा को भंडरीया, शिवधारी राम को बड़गड़, ईश्वर सागर चंद्रवंशी को कुण्डी, प्रेमानंद त्रिपाठी को हरिहरपुर, रामलला दुबे को बरडीहा, भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को मझीआंव शहरी, ओमप्रकाश तिवारी को मझीआंव ग्रामीण, मुकेश चौबे को विशुनपुरा, विकास स्वदेशी को रमना, राजीव रंजन तिवारी को डंडई लक्ष्मन राम को धुरकी, इंद्रमणि जायसवाल को सगमा, रघुराज पांडेय को श्री बंशीधर नगर मंडल, शारदा महेश प्रताप देव को श्री बंशीधर नगर ग्रामीण, भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को भवनाथपुर मंडल, उमेंद्र यादव को केतार, रामकृपाल दुबे



को खरौंधी, गिरीनाथ सिंह को चिनियां, मुरारी यादव को रंका दक्षिणी, संतोष दुबे को रंका उत्तरी, राजीव राज तिवारी को मेराल उत्तरी, सुरज गुप्ता को मेराल दक्षिणी, जवाहर पासवान को गोवावल मंडल हरेंद्र दुबे को नगर मंडल गढ़वा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा नेता कार्यकर्ता मंडल से बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने एवं सामाजिक कार्यकर्ता से मिलेंगे।

# थाना प्रभारी ने किया प्ले ग्रुप का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। सगमा**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार, पुअनि विपिन कुमार, एसआई शैलेंद्र कुमार कार्यक्रम में शामिल हुए। थाना प्रभारी, प्रमुख अजय साह द्वारा विद्यालय में प्ले ग्रुप का फीता काटकर शुभारंभ किया। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा की बड़े ही मुश्किल से हमें आजादी मिली है। हम आजादी को भूल नहीं सकते हैं। आजादी लेने के लिए क्रांतिकारियों ने बलिदान दे दिया। किसी अपना भाई खोया माताओं ने अपने बेटे को खो दिया, तब जाकर हमें आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासन के यातनाओ से भारतवासी परेशान थे और हम आजादी के लिए तैयार हुए आजादी के दीवानों में दो दल बनाए गए एक नरम दल तो एक गरम दल दोनों ने मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी।



उन्होंने विद्यालय परिवार को शुक्रिया अदा करते हुए कहा की अत्यंत पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम विद्यालय की स्थापना गौरव की बात है। उन्होंने ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के चेयरमैन इसहाक अंसारी को शुक्रिया अदा किया। शिक्षा को लेकर क्षेत्र में शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा की बच्चे यह कल के भविष्य है। वे ही देश की रक्षा करेंगे। देश को रक्षा करने के लिए विद्यालय के सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की जरूरत हैं ताकि किसी भी कंपटीशन का क्वालीफाई कर देश का नाम रौशन कर सके। मौके पर चेयरमैन इसहाक अंसारी, बालेश्वर यादव, योगेंद्र यादव, मोहम्द गुलाब नवी अंसारी, विद्यालय प्रबंधक महताब आलम, शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, रामविनय यादव, सुनील कुमार यादव, वीरेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, संतु कुमार यादव, अजय यादव, रौशन कुमार, साहिद अंसारी, वीरेन्द्र प्रजापति, मनीश कुमार, महेश्वर विश्वकर्मा, अल्का कुमारी, प्रियंका, अर्चना, लालमणि देवी, संध्या देवी, रौशनी प्रवीण, रूकसार सिद्दीकी, आशिया सिद्दीकी, चांदनी सिद्दीकी आदि उपस्थि थे।

### ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**सगमा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बीरबल ग्राम स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूर्व जिपस नंदगोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साह, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बेबी खातून ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। इस दौरान प्रबंधक महताब आलम के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। श्री राम जानकी के साथ हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत की गई। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन इसहाक अंसारी, बालेश्वर यादव, योगेंद्र यादव, सदर मो गुलाम नवी अंसारी,शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, रामविनय यादव, सुनील कुमार यादव,वीरेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, संतु कुमार यादव, अजय यादव, रौशन कुमार आदि मौजूद थे।

# रोजगार सेवक ने दो पर कराई प्राथमिकी

### सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, मारपीट व धमकी का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरी के रोजगार सेवक कृष्णा शर्मा ने चिनीयां थाना में आवेदन देकर खुरी पंचायत के रणपुरा गांव के दो लोगों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में यह उल्लेखनीय है कि मैं कृष्णा शर्मा पिता ददन शर्मा रोजगार सेवक खूरी पंचायत के रनपूरा गांव में अबुआ आवास की जांच दल के साथ सहयोग के लिए गया था। इसी बीच उक्त गांव निवासी बिरेंद्र राम पिता स्वर्गीय रामलाल राम, तथा अनिल गुप्ता पिता स्वर्गीय कन्हाई साह दोनों मिलकर एक कागजात पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करने के लिए इन दोनों के द्वारा हम पर दबाव बनाया गया, जिससे मेरे द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया इसलिए



मुझे मारपीट एवं जान मारने की धमकी दिया गया जिससे किसी तरह से मैं अपना जान बचाकर अपने मोटरसाइकिल से चिनिया की ओर भागा, जिससे पीछे से दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए रास्ते में पडने वाले जंगल तक मेरा पीछा कर हमें धक्का मारकर गिराने की भी भी कोशिश की गई। किसी तरह हम जान बचाकर चिनियां थाना पहुंचे, इसलिए हम थाना प्रभारी से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए उक्त दोनों के ऊपर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाए। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की जांच की जा रही है, जांचों प्रांत दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### केतार प्रखंड में शान से लहराया तिरंगा

**केतार।** गणतंत्र दिवस पर प्रखंड शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय में प्रमुख चंद्रावती देवी ने झंडोत्तोलन किया। वहीं अम्बेडकर चौक केतार बाजार में बीडीओ सावित्री कुमारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रमुख चंद्रावती देवी, लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता, बीआरसी कार्यालय में सीओ सुनील कुमार, मध्य विद्यालय केतार में प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार, ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार, आरके सिंह पब्लिक स्कूल केतार में मुखिया प्रमोद कुमार, केतार थाना परिसर में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो, स्वास्थ्य उपकेंद्र में डा निशांक निश्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बीजडीह में डा पंकज पाठक और कोल मोड़ अम्बेडकर चौक पर बीडीओ चंद्रावती देवी ने झंडोत्तोलन किया। मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय पर मुखिया मुंगा साह, केतार में मुखिया प्रमोद कुमार ने झंडोत्तोलन किया।

# विद्या मंदिर में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दशम के भैया बहनों का नवम के भैया बहनों द्वारा स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्वागत गीत डिंपल, वैष्णवी, समीक्षा, राजनंदनी व सुमन द्वारा प्रस्तुत किया गया। विदाई गीत शानू, साक्षी, समीक्षा, जाह्नवी, शिखा और सोनाक्षी द्वारा गाया गया। कक्षा दशम के आर्यन विभूति एवं माही राज ने अनुभव कथन प्रस्तुत किया। कक्षा दशम की पलक पांडे ने विदाई गीत गाया। पुरातन छात्र सह अभिभावक प्रतिनिधि चंदन द्वारा सभी छात्राओं को कलम भेंट की। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य कौशलेंद्र झा, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, अविनाश कुमार, सत्येंद्र प्रजापति, पिंटू सिंह, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, विवेक कुमार, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, आचार्या आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, नीति कुमारी, प्रियंवदा, रेनू पाठक, सलोनी, नेहा, रिचा चौबे उपस्थित रहे।

### खरौंधी प्रखंड में उत्साह से मना गणतंत्र दिवस

**खरौंधी। प्रखंड में** गणतंत्रा दिवस पर तिरंगा झंडा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने बीडीओ रविंद्र कुमार तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया ने झंडोत्तोलन किया। प्रखंड के राजी पंचायत भवन पर मुखिया रिंकू देवी, सुंडी पंचायत में मुखिया शिला देवी, मझिगावां पंचायत भवन पर मुखिया बिंदा देवी, खरौंधी पंचायत में मुखिया मंजू देवी, अरंगी पंचायत भवन पर मुखिया फूलकुमारी देवी, चंदनी पंचायत भवन पर मुखिया रामगहन मेहता, सिसरी पंचायत भवन में मुखिया श्वेता देवी, कूपा पंचायत भवन में मुखिया प्रमोद राम ने अपने पंचायत में झंडोतोलन किया। वहीं मध्य विद्यालय मझिगावां में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोशलीबार में प्रधानाध्यापक अमरेश राम, मध्य विद्यालय अरंगी में प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने झंडोत्तोलन किया।

# बाइक सहित सखुआ के दो बोटा जब्त, तस्कर फरार



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जा रहे मोटरसाइकिल पर लदे सखूवआ का दो पीस बना बनाया हुआ बोटा को मोटरसाइकिल सहित चपकली व डोल गांव के रास्ते से जब्त किया है।

जानकारी देते हुए प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चपकली गांव में डोल के रास्ते रात में लकड़ी का तस्करी मोटरसाइकिल से किया जाता है। इसके बाद एक टीम गठित कर बीती रात करीब 12:00 बजे डिस्कवर मोटरसाइकिल पर सखुआ का बना बनाया हुआ 6 बाय 4 का दो पीस बोटा को जब्त किया गया है जबकि मौके से लकड़ी तस्कर भागने में सफल रहा। छापेमारी दल में बनकर्मी हेमंत लकड़ा, प्रेमचंद दास, विपिन सिंह, का नाम शामिल है।

### तिरंगा आन, बान शान से फहराया गया

**श्री बंशीधर नगर।** गणतंत्र दिवस पर सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झंडा आन, बान और शान से फहराया गया। अनुमंडल कार्यालय व एसडीओ आवास पर अनुमंडल पदाधिकारी रतन सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय व आवास पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर रतन कुमार सिंह, प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, अंचल कार्यालय पर अंचलाधिकारी सुनील कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय में, अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी, श्री बंशीधर नगर थाना में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना में थाना प्रभारी पिंकी साव, श्री बंशीधर नगर पंचायत कार्यालय पर कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के कार्यालय में चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर ने झंडोत्तोलन किया।

**पहल** पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन बीडीओ, थाना प्रभारी ने किया

# एसबीआई लाइफ ने बच्चों को किया पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के उच्च विद्यालय खरौंधी में एसबीआई लाइफ के द्वारा क्वीज प्रतियोगिता मे सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत प्रसाद एवं बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने संयुक्त रूप से किया। वहीं मंच का संचालक हिफाजत अली ने किया। एसबीआई लाइफ के मित्र रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि एसबीआई लाइफ के द्वारा प्रखंड स्तरीय कक्षा 8,9 व 10 के बच्चों को 31 दिसंबर को क्विज कंपटीशन एग्जाम लिया गया था, जिसमें प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से



छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए थे। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि एसबीआई लाइफ का क्वीज कंपटीशन एग्जाम लेने का उद्देश्य था कि प्रखंड के बच्चे भी जाने कि आगे आने वाले कंपटीशन एग्जाम क्या होता है, जिसमें आगे चलकर अच्छा प्रदर्शन कर सके। वहीं इस एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10 में प्रथम अहमद, द्वितीय नेहा कुमारी, तृतीय विशाल प्रजापति, वहीं कक्षा नौ में प्रथम दिव्या कुमारी, द्वितीय संध्या कुमारी, तृतीय अनूप पाल, वहीं कक्षा आठ में प्रथम आकाश पासवान, द्वितीय मुस्लिम अंसारी, तृतीय अभिषेक कुमार पासवान रहे। मौके पर शिक्षक दिनेश ठाकुर, नंदकिशोर पाठक, नीरज दुबे, श्रीकांत यादव, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद, उपेंद्र भारती, ललु कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

### डंडई प्रखंड में तिरंगे को दी गई सलामी

**डंडई।** प्रखंड शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों तिरंगे को सलामी दी गई। प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख कांति देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीडीओ राहुल कुमार सानू, थाना परिसर में थाना प्रभारी शाबाज अंसारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन तनुजा कुमारी, प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला में प्राचार्य जारद हुसैन, मध्य विद्यालय रारो में प्राचार्य आलोक कुमार, मध्य विद्यालय बैरिया दामर में प्राचार्य अम्बिका माझी, आरजीएसएम पब्लिक स्कूल में प्राचार्य सुमंत लाल, नव प्राथमिक विद्यालय बहेरवा डंडई में प्राचार्य आदित्य लाल, जेएमएम कार्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता के साथ प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों पर झंडोत्तलन किया गया।

# भवनाथपुर ने सिंहपुर को 143 रन से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के परसोडीह गांव स्थित उच्च विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शहीद नीलांबर-पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम लींग मैच मुकाबले में भवनाथपुर की टीम ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 229 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी सिंहपुर की टीम 9 ओवर में 86 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मैच का आयोजनकर्ता पूर्व मुखिया अनील पासवान द्वारा भवनाथपुर टीम के भोला को दिया गया। भोला ने बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंद पर 91 रन और गेंदबाजी में 5 विकेट लिये थे। मौके पर पूर्व मुखिया अनील पासवान, डॉ. एके मोर्या संजय वर्मा, देव कुमार ठाकुर, अजय राम सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## एक नजर

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मगध परियोजना को किया गया पुरस्कृत



**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल के मगध कोल परियोजना कों 66 वें खान सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। पीओ सदाला सत्यनारायणा ने बताया कि हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त पुरस्कार जीएम नृपेंद्र नाथ को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. बी. वीरा रेड्डी व निदेशक तकनीकी संचालन आरबी प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। डोजरिंग में ग्रुप ए श्रेणी तथा ड्रिलिंग में उप विजेता समेत कुल चार पुरस्कार प्राप्त किये गये हैं। साथ ही बेहतरीन प्रदर्शन व प्रबंधन के लिए परियोजना के सभी कर्मियों की सामुहिक प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की। मौके पर डीजीएमएस पंकज कुमार, डीएमएस आफताब अहमद, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

### सिमरिया डिग्री कॉलेज में 25 ने किया रक्तदान

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित डिग्री कॉलेज में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा और एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद ने किया। इसके पश्चात एक-एक कर 25 छात्रों के साथ शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि चतरा रेड क्रॉस के द्वारा प्रत्येक माह करीब 70 थेलीसिमिया मरीजों को निःशुल्क रक्त दिया जाता है। इसके अलावा 30-35 वैसे लोगों को भी रक्त मुहैया कराया जाता है। कैंप के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा, लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी, विजय कुमार, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

### टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कुंदा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता हाई स्कूल खेल मैदान में रविवार को प्रखंड स्तरीय प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजिन किया गया। इसका उद्घाटन संयुक्त रूप से सभी स्पोंसर्स ने किया। इस दौरान जनता हाई स्कूल मैदान के लिए पांच एकड़ जमीन दान देने वाले महाबीर साव के चित्र पर उनके बड़े सुपुत्र रंजीत सौंडिक ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं मैच के आयोजक स्पोंसर्स डालमिया डायमंड सह मुखिया मनोज साहु ने सर्वप्रथम बैटिंग कर मैच का आगाज किया। लायन किंग्स स्पोंसर्स सह मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, पिंक पैंथ स्पोंसर्स बबलू गुप्ता, डबल बुल हीरोज स्पोंसर्स संतोष यादव, जगुआर हंटर स्पोंसर्स राहुल रंजन, मैथन स्टील वररिएस स्पोंसर्स अनुज गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस हारकर डबल बुल हीरोज ने पिंक पैंथर को 139 रन का लक्ष्य दिया, जिसे पिंक पैंथर हासिल लिया। मौके पर समाजसेवी अखिलेश यादव, सुरेन्द्र यादव, प्रदीप साव, बिनोद महतो, सौरभ ठाकुर, नगीना भोक्ता, एम्पायर पंकज गुप्ता, एम्पायर आशीष कुमार व खिलाड़ी रूपेश कुमार, पवन कुमार, विक्की विक्रान्त आदि मौजूद थे।

# राजहरा कोल माइंस के तेतरियाखाड़ में धू-धू कर जल रहा हजारों टन कोयला

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड अंतर्गत संचालित राजहरा कोल माइंस के तेतरिया खाड़ में बीते कई दिनों से हजारों टन कोयला के ढेर पर आग लगी हुई है, जिससे कई टन कोयला जल रहा है। जले हुए कोयले के ढेर पर सीसीएल कर्मी के अलावे ग्रामीण भी जाने अनजाने में झुलस रहे हैं। आसपास के वातावरण में दुष्प्रभाव है। साथ ही सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। इधर विस्थापित ग्रामीण दिलीप यादव कहते हैं कि यह कोयला महीनों से लगातार जल रहा है, जिसे हम विस्थापित ग्रामीणों द्वारा पीओ एवं जीएम को कोयले में लगी आग को बुझाने के लिए मौखिक आग्रह कई बार किया जा चुका है, लेकिन सीसीएल द्वारा वैसा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है, जिससे इस जल रहे कोयले पर पूरी तरह काबू पाया जा सके। जल रहे कोयले के ढेर में खतरा है। जाने अनजाने किसी की जान भी जा सकती है। जले हुए कोयले अगर ट्रक में भरकर परिवहन के लिए भेज दिया जाए तो धीरे-धीरे कोयला सहित ट्रक में भी आग लग सकती है। मौके पर दिलीप यादव, विस्थापित ग्रामीण रवि यादव, तेवरी यादव, राजेश राम आदि का कहना था कि सीसीएल द्वारा इतनी लापरवाही वर्तमान में कोई कमी को छुपाने का संदेह पैदा कर रहा है। इस मामले में माइंस पीओ के एल यादव से पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि आग को बुझाने के लिए 2 वाटर पम्प नियमित लगाया गया है। बड़ा फायर टेंडर के लिए एनके एरिया से मांग की गई है। जल्द ही आग पर पूरी तरह काबू पा लिया जाएगा कुछ टन कोयला में नॉर्मल आग लगी हुई है जो सिर्फ धुआं दे रहा है। लगातार उसमें पानी दिया जा रहा है।

### चतरा जिले में हुई झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा

# डीसी व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि 28 जनवरी एवं 4 फरवरी को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता संयुक्त प्रतियोगिताधारी परीक्षा 2023 का आयोजन निर्धारित है। इसको लेकर 28 जनवरी को जिले के कुल 9 केंद्रों पर स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराया गया। परीक्षा केंद्र में डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा, उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर कॉलेज चतरा, आईटीएसभीएम हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस 2 हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस 2 गर्ल हाई स्कूल चतरा, नजारत विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा, चतरा कॉलेज चतरा, आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा शामिल है। इन सभी केंद्रों पर 4 फरवरी को भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 3708 में से 1172 उपस्थित एवं 2536 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर विशेष पुलिस व्यवस्था बहाल की गई थी। वहीं उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन एवं वरीय अधिकारियों द्वारा निरंतर केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसके फलस्वरूप कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराई गई।

# हेमंत को ईडी के समन के विरोध में झामुमो ने निकाला मशाल जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय एजेंसी ईडी द्वारा 10वां समन भेजे जाने के विरोध में जेएमएम कार्यकर्ताओं ने शनिवार की शाम लातेहार जिला मुख्यालय के मुख्य पथ पर मशाल जुलूस निकाला। इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया। जुलूस में स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम भी शामिल थे। वहीं मशाल जुलूस बाजारटांड से प्रारंभ होकर धर्मपुर मोड़ होते हुए समाहरणालय के मुख्य पथ पहुंचा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार होश में आओ, तेरी मनमानी नहीं चलेगी, ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग करना बंद करो आदि नारे लगाये। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत की चल रही हेमंत सोरेन की सरकार को केंद्र सरकार के द्वारा ईडी और सीबीआई के माध्यम से बार-बार समन भेज परेशान करने का काम किया जा रहा है। उनके द्वारा चलाई जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से सभी जिले के गांव-गांव टोला टोला में पदाधिकारी को उनके बीच पहुंचाने का काम किया है। साथ ही साथ युवाओं और महिलाओं को रोजगार देने का भी काम किया है। उनके इस नेक कार्य से माताएं एवं बहने काफी प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार को आज हजम नहीं हो रहा है। वह हेमंत की सरकार के हौसले को कमजोर करने के लिए बार-बार ईडी और सीबीआई के माध्यम से परेशान करने का काम किया जा रहा है लेकिन अब समझ चुका है और इसका मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी व सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेसियों का दुरुपयोग कर झारखंड की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करना चाह रही है। मगर वे लाख प्रयास कर ले उनके मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, झामुमो जिला सचिव समशुल होदा, जिला संयुक्त सचिव मो. इमरान, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय व बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, गोपाल सिंह, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लातेहार विस क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कें की जायेंगी सुदृढ़ : विधायक

### विधायक राम ने सड़क मरम्मती कार्य योजना का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



लातेहार विधायक बैधनाथ राम ने प्रखंड के दो स्थानों पर विशेष सड़क मरम्मती कार्य योजना का विधिवत शिलान्यास किया। विधायक बैधनाथ राम ने प्रखंड क्षेत्र के लाधुप पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एनएच 75 से लाधुप सेन्हा तक लगभग ढाई किमी लंबी व कामता चेकनाका से सेरक तक लगभग साढ़े बारह किमी लंबी विशेष सड़क मरम्मती कार्य योजना की आधारशिला रखी। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि दोनों ही सड़कों के बन जाने से ग्रामीणों को सहूलियत होगी। उन्होंने आगे कहा कि लातेहार विधानसभा के सभी ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र का विकास बेहतर सड़क से ही होकर गुजरता है। विधायक ने संवेदक से कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष खयाल रखने की भी बात कही। लाधुप पहुंचे विधायक बैधनाथ राम के द्वारा लाधुप में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा। मौके पर झामुमो जिला सचिव शमशुल होदा, संतोष सिंह, लवकुश सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, कामता पंसस अयुब खान, लाधुप मुखिया बिफई मुंडा, कामता मुखिया नरेश भगत, समाजसेवी राजकुमार साहु, अंकित पांडेय, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, रशीद खान, मोफिल खान, मो सरफराज, शिवकेश्वर यादव, बबलू राय, धन्नू खान, बबलू राही मौजूद थे।

# 'सीसीएल विस्थापन नीति के तहत विकास रोजगार, सुविधा व मुआवजा यथाशीघ्र दे'

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड अंतर्गत मगध आरा ग्राम के विस्थापित भू रैयतों ने मुखिया परमेश्वर उराँव के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मगध माइंस विस्तार को लेकर चर्चा की गई। मौके पर लोगों ने निर्णय लिया कि मगध विस्तार के लिए सीसीएल को जमीन देंगे पर विस्थापन नीति के तहत सीसीएल हमें विकास का मूलभूत सुविधा दें एवं नौकरी मुवाबजा स्थानीय लोगों को रोजगार मिले आदि जल्द मिले जिसके लिए सीसीएल से मांग करने का निर्णय लिया गया। मौके पर ग्रामीण जितेंद्र प्रसाद, शंभू प्रसाद, पदुम यादव, हरि साव, कृष्णा साव, सुबोध कुमार, महेंद्र साव, रूपलाल राणा, भोला राणा, रामवृक्ष साव, रामसेवक प्रसाद, रविंद्र उरांव, बलदेव साव, विनोद गंझू, खेमलाल गंझू, शाहिद भोला, पवन कुमार मौजूद रहे।

# एनटीपीसी से फ्लैयेश ढुलाई के प्रभाव पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**



एनटीपीसी के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना से फ्लैयेश ढुलाई की शुरूआत के बीच बैठकों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को प्रखंड के मिश्रौल हाई स्कूल के पास मिश्रौल मुखिया सुबेश राम के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें जिप सदस्य देवंती देवी मुख्य रूप से उपस्थित हुई। इस दौरान टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क से कोयला ढुलाई व फ्लैयेश ढुलाई की तैयारी पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कोयला ढुलाई तथा प्रस्तावित फ्लैयेश ढुलाई का कडा विरोध करते हुए कहा की सार्वजनिक सड़क से कोयला ढुलाई होने से आम जन जीवन के साथ विद्यार्थियों के लिए परेशानी बनी रहती है। राहगीरों को धूल कण का शिकार होना पड़ता है और हमेसा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके बावजूद एनटीपीसी पावर प्लांट से जहरीली फ्लैयेश राख की ढुलाई की जाएगी। जिसे हरहाल होने नहीं दिया जाएगा। बैठक में आगामी तीन फरवरी को उतरी क्षेत्र के सभी पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आंदोलन की रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। मौके पर बलराम साव, निर्मल ठाकुर, गोपाल महतो समेत अन्य मौजूद थे।

# बारियातु में कांग्रेसियों ने की विकास परामर्श यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



प्रखंड के साल्वे, टोटी व सिबला पंचायत में राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार के अध्यक्षता में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने विकास परामर्श यात्रा की।

इस दौरान त्रिपाठी ने साल्वे टोटी व सिबला पहुंच कर ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी के अलावे आज तक जिस भी पार्टी के सांसद चुन कर गए हैं वे चुनाव जितने के बाद क्षेत्र में नहीं आते हैं। यदि पार्टी टिकट देती है तो आप सबों का आशीर्वाद चाहिए। भाजपा ने सरकार बनाने से पहले अनगिनत वायदे किए थे, परंतु कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से भाजपा सरकार की तुलना की जाय तो महंगाई और बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पार है। अभी देश कई गुना कर्ज में डूबा हुआ है। देश को आगे ले जाना है और महंगाई व बेरोजगारी से मुक्ति पाना है तो कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना होगा। मौके पर एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कुलदीप राम, यूथ अध्यक्ष लाल आशीषनाथ शाहदेव, पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र भगत, संतोष राम, मो आलम, निरंजन यादव, जगदीश उरांव, कौलेश्वर उरांव, संदीप उरांव, राजेश उरांव, अजय राम आदि लोग मौजूद थे।

# जमीन का म्युटेशन रद करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम भुषाढ में पहनई भूत पूजा की जमीन की खरीद-बिक्री व म्युटेशन हो जाने के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर म्युटेशन रद्द करने की मांग की है। भुषाढ़ के ग्रामीणों ने सीओ के नाम दिए आवेदन में कहा है कि कामता पंचायत की मौजा भुषाढ़ की बेलगान व पहनई भूत पूजा की भूमि खाता संख्या 89 प्लॉट संख्या 25.27, 29, 30, है जो धोधला पाहन पिता सुनी पाहन निवासी भंडारगढ़ा चंदवा के नाम से है। इस भूमि का खरीद बिक्री कर म्युटेशन कर दिया गया है। यह सामूहिक भूमि है। पाहन गांव की भूत पूजा करते हैं। इसलिए यह भूमि गांव के ग्रामीण पाहन को दे देते हैं ताकि वह खेती बारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। जब पाहन गांव की भूत पूजा करना छोड़ देते हैं तब उससे यह भूमि गांव के ग्रामीण वापस ले लेते हैं। फिर जो भूत पूजा करने की जिम्मा लेता है उसे यह भूमि सौंप दी जाती है। ओम प्रकाश गुप्ता व ओम प्रकाश सिंह ने भूमि को गलत तरीके से खरीदग कर म्युटेशन करवा लिया है। आवेदन देने वालों में ग्राम प्रधान सुरेश उरांव, वार्ड सदस्य सुमंत उरांव, प्रेम उरांव, द्वारीका ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, सुलेंन्द्र उरांव, अनिल गंझु, बीरजून उरांव, फुलदेव लोहरा, अर्जून उरांव, सीसीएल लोहरा, भोथा लोहरा, बिगन लोहरा, चिंता देवी, शीला देवी, फुलमनी देवी, कोशिला देवी, मांगो देवी, सुरजदेव उरांव, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

## धर्म-कर्म

### 29वीं डालटनगंज धर्मप्रांतीय काथलिक आम सभा का आयोजन

# 'परिवार पवित्र बनेगा तो समाज भी पवित्र बनेगा'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**



छेछाड़ी स्थित साले पारिष में दो दिवसीय (27 -28 जनवरी) 29वां डालटनगंज धर्मप्रांतीय काथलिक आम सभा अधिवेशन किया गया। रविवार को मुख्य अतिथि डालटनगंज धर्मप्रांत के विशप थ्योदोर मरकरेन्हस थे। उन्होंने ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार पवित्र बनेगा तो समाज पवित्र बनेगा, अपने को पवित्र रखते हुए दूसरों को पवित्र करने की पवित्रता ही मनूष्य का उद्देश्य होना चाहिए। जितनी पवित्रता होगी, शिक्षा होगी उतना ही समाज के विकास के लिए अच्छा होगा। इस दौरान धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में माता-पिता की भूमिका, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में माता पिता का मार्गदर्शन, पवित्र विवाह को पवित्र रखने में पति पत्नी की जिम्मेदारियां सहित धर्मप्रांतीय सहभागिता एवं विस्थापन जैसे विषयों पर अनेक वक्ताओं द्वारा विचार रखा गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र मिस्सा पूजा से की गई, जिसमें मुख्य अनुष्ठाता विशप थ्योदोर ने सभी छेछाड़ी वासियों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हम सभी अपने शत्रुओं से प्रेम करें। जो हमारा विरोध करते हैं उसे स्वीकार करें और जो सताते हैं उनके लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। इसके लिए आप रोज प्रार्थना करें। प्रार्थना में ओ शक्ति है जो हमारी हर आवश्यकता को पूरा करने में मदद करता है। माता-पिता बच्चों को केवल सांसारिक चीजों को ही न दें उन्हें संस्कार दें। आज बच्चों में अच्छी शिक्षा और संस्कार की जरूरत है। मिस्सा पूजा के बाद विशप का का स्वागत साले के महिला संघ, युवा संघ के द्वारा किया गया। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य बहुत से विषयों पर विचार विमर्श किया गया। आम सभा का संचालन सभा अध्यक्ष इलियस तिर्की एंव उनके कमिटी द्वारा किया गया। अंत में पल्ली पुरोहित फादर मुक्तीलाल ने बिशप स्वामी और सभी उपस्थित माताओं को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में फादर डीन मोंरिस टोप्पो, काथलिक आम सभा अध्यक्ष कुलदीप मिंज, अशोक खलखो सहित वक्ता जेरोम जेराल्ड कुजूर, फादर सीबी के अलावे 23 पारिष डाल्टनगंज धर्मप्रांतीय के पंच प्रचारक आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : डॉ रोहित

**चंदवा।** शहर के गैरेज लेन स्थित साईं नर्सिंग होम में रविवार को हेल्थ पॉइंट अस्पताल रांची व साईं नर्सिंग होम चंदवा के द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन साईं नर्सिंग होम के डॉ रोहित कुमार व हेल्थ पॉइंट अस्पताल के डॉ एसके ओझा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ रोहित ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। शिविर में खबर लिखे जाने तक लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जा चुका था। मौके पर रविराज कुमार, डॉ शम्स राजा, विभाकर मिश्रा, राजेंद्र यादव, पप्पू आजाद, मंटू केसरी, पत्रकार राजीव कुमार, विनीत मिश्रा, विवेक गौरव, दीपक कुमार, साजिद अंसारी, करन प्रसाद, उर्मिला आदि मौजूद थे।

# भाजपा ने की गांव चलो अभियान पर कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में गांव चलो अभियान कार्यशाला माको डाक बंगला लातेहार में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि गांव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ना है। मौके पर मुकेश निरंजन सिन्हा, बृजमोहन राम, राजधानी प्रसाद यादव, जिला महामंत्री पंकज सिंह, कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक सरोज देवी, जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, अनुसूचित जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी बृजमोहन राम, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी यादव, महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीलम यादव, गांव चलो अभियान के जिला संयोजक संतोष यादव, सह संयोजक प्रियंका कुमारी, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष गण, सभी मंडल अध्यक्ष, गांव चलोउ अभियान के मंडल स्तर के संयोजक, सह संयोजक, सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### योगी सेना लोहरदगा की बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** योगी सेना की बैठक फुलवारी राम मंदिर में हुई, जिसमें लोहरदगा में बढ़ते लव जिहाद और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। मंगलवारी आरती को पुनः बहुत जल्द शुरूआत करने और सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अंकित वर्मा, जिला मंत्री मयंक ठाकुर, जिला संगठन मंत्री रूपेश साहू, अतुल गणपत, राणा सिंह, बबलू यादव, आशीष कुमार साहू, शेरेयल केसरी, नमन केसरी, पीयूष अग्रवाल, संभव तमेरा, सूरज कुमार सिंह अनूप कुमार, कुश साहू, आयुष साहू मौजूद थे।

### एनटीपीसी ने किया कंबल का वितरण



**बालूमाथ।** प्रखंड के आरा में एनटीपीसी द्वारा 300 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर एनटीपीसी के वरिष्ठ महा प्रबंधक अभिषेक आनंद, उप महाप्रबंधक आनंद स्वामी, एनए शीपो, गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव, समाजसेवी रवि प्रकाश, शंभू प्रसाद मौजूद थे।

### ग्राम सभा में वार्षिक योजना का हुआ चयन

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारी पंचायत में रविवार को जीपीडीपी वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्य योजना तैयार करने को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में थीम सिक्स के अनुरूप जनकल्याणकारी के साथ महत्वाकांक्षी योजनाओं का चयन किया गया। विशेष ग्राम सभा में पंचायत के महिला व पुरुष भारी संख्या में उपस्थित थे।

### वीवीपैट व ईवीएम मशीन से मतदान की प्रक्रिया बताई गई

**गिद्धौर(चतरा)।** लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम व वीवीपैट मशीन की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए गिद्धौर प्रखंड में गांव स्तर पर रविवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बारीसाखी पंचायत के विभिन्न गांव में अभियान चलाकर ग्रामीणों को मतदान प्रक्रिया के बारें में जानकारी दी गई। वहीं नए मतदाताओं व ग्रामीणों को ईवीएम व वीवीपेट के कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही अधिकाधिक तौर पर मतदान करने की अपील ग्रामीणों से की गई। अभियान जिला निर्वाचन शाखा द्वारा चलाया गया। जागरूकता अभियान रुपिन, आमीन, पेक्सा, नयाखाप, बारिसाखी सहित अन्य गांव में चलाया गया। इस क्रम में अभिभावकों को एलइडी टीवी के माध्यम से चलचित्र दिखाकर मतदान की प्रक्रिया बताई गई।

### पीडीएस डीलर के आकस्मिक निधन पर संघ ने जताया शोक

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड के गेन्दरा गांव निवासी सह पीडीएस डीलर गणेश गंझु का आकस्मिक निधन रविवार सुबह हो गई। वही असमय निधन की सूचना मिलने पर डीलर संघ के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। संघ के लोगों ने काहा की दिवंगत सरल विचार के व्यक्ति थे, वे पूर्व में 20 सूत्री सदस्य भी रह चुके हैं।

# 'अच्छी किताबों से गुजरता है बेहतर जिंदगी का रास्ता'

## छोटानागपुरीया तेली उत्थान समाज युवा मोर्चा का सम्मेलन आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
छोटानागपुरीया तेली उत्थान समाज युवा मोर्चा का सम्मेलन जिला अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर दीपक साहु ने कहा कि जिला तेली छात्रावास का निर्माण किया जाएगा इसके लिए युवा समिति संकल्पित है। समाज के युवाओं को रोजगार हेतु आर्थिक व्यवस्था की जाएगी। दुःख तकलीफ में युवा आगे बढ़कर सहयोग करेगा। होटल नोवेल्टी में आयोजित युवा तेली सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहु ने कहा कि तेली समाज हर जिला में लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। समाज पूर्ण रूप से अपने राजनीतिक हक को लेने के लिए लालायित है राज्य के तमाम राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि इस समाज को राजनीति में अवसर दें अन्यथा दलों को नुकसान हो सकता है। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपु सूदन साहु ने कहा कि बेहतर जिंदगी का रास्ता बेहतर किताबों से होकर गुजरता है। युवाओं को अध्ययन, पठन पाठन और यात्रा के लिए समय निकालने की जरूरत है। ज्ञान के लिए पढ़ाई और अधिकार के लिए लड़ाई का रास्ता अपनाया जाए। साथ ही जीवन सार्थक हो इसके लिए सतसंग और सामूहिक चर्चा को अपनाना चाहिए।

जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहु ने कहा कि समाज के युवा अपनी नई सोच और पुरानी परंपरा के बीच तालमेल अपनाकर त्रुटियों को सुधारने में अपनी भूमिका निभाएं। सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। लक्ष्य निर्धारण करें और उसे पाने की तैयारी में जुटें। भाजपा नेता और समाज के संरक्षक अजय कुमार पंकज ने तेली समाज के अराध्य और महापुरुषों के बारे में बताया और कहा कि समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु राजनीति में भी अपनी भूमिका निभाएं। भाजपा के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड बनने के बाद समाज में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। तेली समाज सभी जातियों के साथ तालमेल रखनेवाला समाज है। तेली समाज सबका भला चाहता है। गुमला जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर साहु ने कहा कि समाज ने कई तरह की पहल की हैं, जिससे समाज एकजुट होकर अग्रसर है। गुमला में 18 फरवरी को तेली समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हो रहा है। समाज के लोग बढ़कर हिस्सा लें। लोहरदगा जिला के पूर्व अध्यक्ष कैलाश साहु ने कहा कि युवा जिधर चलता है समाज उस ओर चल पड़ता है। युवाओं के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। नई पीढ़ी को अपने पुरखों के किए कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। कार्यक्रम का संचालन युवा महामंत्री सचिन साहु ने किया तथा जिला के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा साहु ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**कार्यसमिति का विस्तार किया गया :** तेली युवा सम्मेलन में जिला और नगर कार्यसमिति का विस्तार किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक साहू ने अपनी कार्यसमिति का विस्तार करते हुए रमेश साहु और हीरालाल साहु को संरक्षक, सचिन साहु और दीपक कुमार को महामंत्री, देवेंद्र साहु, आदित्य साहु, रविंद्र साहु, अरुण साहु को उपाध्यक्ष, सूरज कुमार साहू, सिकंदर साहु और राजकुमार साहू को संगठन सचिव, किशोर साहु, अभिषेक साहु, देवा साहु, जग्गानाथ साहु को संयुक्त सचिव तथा बद्री नारायण साहु और अजय साहु को सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। नगर अध्यक्ष दीपक साहु, महासचिव उज्जवल साहु, कोषाध्यक्ष पंकज साहु, उपाध्यक्ष पिन्टू साहु, दिपक साहु, नीरज कुमार साहु बनाए गये।

# संगठन का विस्तार हमारी पहली प्राथमिकता : नीरू शांति भगत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
